एक नजर

नेशनल लोक अदालत की 10 खंडपीठों में 864 केस निपटे, 2 करोड़ से ज्यादा के किए अवार्ड पारित

बुरहानपुर। जिला न्यायालय बुरहानपुर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। शुभारंभा कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सेक्सेना, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री तनवीर अहमद खान,प्रथम जिला न्यायाधीश श्री इन्दु कान्त तिवारी, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री निलेश कुमार जिरेती, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सरिता जतारिया,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रेमदीप सांकला, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण वाघ, सचिव श्री संतोष देवताले, सहित अन्य न्यायिक अधिकारी.कर्मचारीगण उपस्थित रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कुल 10 खंडपीठ गठित की गई। लोक अदालत के माध्यम से कुल 864 प्रकरण निराकृत किये गयेए जिनमें न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य 184 प्रकरण एवं प्रिलीटिगेशन से संबंधित बैंकों के प्रकरण, संपत्ति कर, जलकर, विद्युत विभाग, बीएसएनएल के प्रिलिटिगेशन के कुल 680 मामलों का निराकरण हुआ है। उक्त निराकृत मामलों में 2,64,60,954/- रूपये आवार्ड पारित किया गया। साथ ही निराकृत पक्षकारों को संबंधित न्यायालय द्वारा पौधों का वितरण कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गईं। वही कुटुम्ब न्यायालय द्वारा भी अनेक प्रकरणों में राजीनामा कराते हुए लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं के प्रचार.प्रसार हेतु प्रदर्शनी एवं हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई। साथ ही कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला अस्पताल,आयुष विभाग एवं यूनानी चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों, अधिवक्ताओं,कार्यालय कर्मचारियों एवं स्टाफका स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्कर से पुलिस ने जब्त किए सात देशी पिस्टल और दो खाली मैगजीन

बुरहानपुर। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा समस्त

थाना प्रभारियों को अवैध हथियार निर्माण, क्रय.विक्रय, परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। अति पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपीनेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना खकनार पुलिस को अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्कर को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी अभिषेक जाधव एवं प्रआर मेलसिंह सोलंकी को अवैध हथियार तस्कर के संबंध में मुखबीर सूचना प्राप्त हुई सूचना पर हमराह बल के साथ मुखबीर की सुचना पर ग्राम बोरखेडा फाटा यात्री प्रतिक्षालय के पास पहुंचे जहा बताये गये हुलिये का एक व्यक्ति पैदल खडा दिखा जिसे फोर्स की मदद से पकडा नाम पता पुछते अपना नाम रणजीत पिता शम्भूनाथ कुंज उम्र 32 साल निवासी विश्वकर्मा मंदिर कृष्णपुरी मोहल्ला नाभा थाना कोतवाली जिला पटियाला पंजाब का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 07 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल 02 खाली मैगजीन कुल किमती 138000/- की तथा 01 मोबाईल फोन किमती 10000/-की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।वापसी पर आरोपी के विरुध्द थाना खकनार मे अपराध क्रमांक 186/2026 धारा 25;1.ठ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। आरोपी से अवैध हथियारो के संबंध मे पुछताछ की जा रही है।

रविवार को भी सेवा सदन महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया रहेगी जारी

बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर व एलएल.बी., बीए. एलएल.बी, बी.एड., डी.एल.एड., एम.बी.ए. की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण में पंजीयन दिनांक 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक है। विद्यार्थियों एवं पालकों की सुविधा हेतु 10 मई 2026 रविवार को भी सुबह 9 बजे से 2 बजे तक ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया जारी रहेगी। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी उक्त सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठावे एवं अतीशीघ्र महाविद्यालय में आकर ऑनलाईन पंजीयन कर अपनी सीट सुनिश्चित करें। उक्त जानकारी ऑनलाईन प्रवेष प्रक्रिया प्रभारी डॉ. अनीष पटेल ने दी।

जिसकी शिकायत उसी को सौपी जांच, आदिम जाति कल्याण विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

नेपानगर। शासकीय तंत्र में निष्पक्षता और नियमों की किस तरह धज्जियां उड़ाई जाती है इसका एक जीवंत उदाहरण आदिम जाति कल्याण विभाग बुरहानपुर में देखने को मिला है। विभाग के सहायक आयुक्त पर प्रशासन को गुमराह करने और गंभीर अनियमितताओं को दबाने के आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता कांग्रेस आईटी सेल प्रदेश महासचिव धीरज करोसिया द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर एक शिकायत दर्ज कराई गई थीए जिसमें बताया गया था कि हायर सेकेंडरी स्कूल भातखेड़ा में पदस्थ गणित की शिक्षिका संगीता कानफ्डे की सेवाओं का उचित उपयोग नहीं हो रहा है। स्कूल में गणित विषय का एक भी विद्यार्थी नामांकित नहीं होने के बावजूद शिक्षिका को बिना शैक्षणिक कार्य के वेतन दिया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग की थी कि शिक्षक समायोजन नीति के तहत उन्हें पीएम श्री स्कूल नेपानगर जैसे स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएए जहां विद्यार्थियों को उनके अनुभव का लाभ मिल सके। हैरानी की बात तब सामने आई जब इस शिकायत की जांच के लिए विभाग ने उसी शिक्षिका संगीता कानफ्डे को जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया, जिनके विरुद्ध शिकायत की गई थी। प्रशासनिक सिद्धांतों और प्राकृतिक न्याय के अनुसार जिस व्यक्ति पर आरोप लगे हों वह स्वयं अपने मामले की जांच नहीं कर सकता।

शिकायतकर्ता धीरज करोसिया ने अब सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग बुरहानपुर के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा जानबूझकर ऐसी त्रुटिपूर्ण जांच प्रक्रिया अपनाई गई है ताकि मामले को रफा दफा किया जा सके और उच्च अधिकारियों को भ्रमित किया जा सके। यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार और कर्तव्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। शिकायतकर्ता करोसिया ने मांग की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच अधिकारी की नियुक्ति की जाए और प्रशासन को गुमराह करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। वर्तमान में यह मामला सीएम हेल्पलाइन पर ओपन स्थिति में है और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

संगठन कामकाज में बुरहानपुर प्रदेश का बनना चाहिए नंबर-1 जिला : शर्मा

जिला वर्ग को लेकर संगठन में कसावट लाने का जनप्रतिनिधि-संगठन पदाधिकारियों ने दिया मंत्र

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले की बैठक श्री अटल बिहारी वाजपेई मंडल (दर्यापुर मंडल) अंतर्गत सांडस स्थित विज्ञान केन्द्र पर आयोजीत की गई। इस बैठक को प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं निमाड संभाग के प्रभारी श्री सुरेन्द्र जी शर्मा शिवपुरी, जिले के प्रभारी श्री क्षितिज भटट, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व मंत्री,विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, नेपा विधायक मंजु दादु, महापौर माधुरी अतुल पटेल, अनुसूचित जाती मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा कास्डेकर,जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे,पावरलुम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती भाई नवलखे, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंण्डित दिनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुष्पहार पहनाकर एवं दिप प्रज्वलन कर किया गया। पश्चात अतिथियों का भाजपाई अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं निमाड संभाग के प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा शिवपुरी द्वारा सर्वप्रथम अपेक्षित पदाधिकारीयों की उपस्थिती पर जानकारी प्राप्त करते हुए अनुपस्थित पदाधिकारियों के कारणों की जानकारी प्राप्त की। आपेन संगठन को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों का संगठन में कसावट लाने के लिए प्रेरित किया। वहीं संगठन की रचना पर संगठन को कसोटी पर कसने के लिए जिम्मेदारो को निर्णय लेने हेतु निर्देशित भी किया। आपने 36 घंटे के जिला वर्ग के लिए पंजीयन करने की बात करते हुवे संगठन की बारीकियो से पदाधिकारीयों को अवगत भी कराया। आपने बंगाल चुनाव की जीत पर बधाई देते हुवे 22 राज्यों में भाजपा एवं एनडीए सरकार होने को भाजपा की बडी उपलब्धि करार दिया।

उन्होंने कहा कि बुरहानपुर जिले में 4 मोर्चा पदाधिकारियों एवं प्रदेश में 2 पदाधिकारीयों की संगठन में नियुक्ति किसान मोर्चा के राहुल जाधव, अनुसूचित जनजाती मोर्चा पर सुभानसिह चौहान की नियुक्ति, पिछडा वर्ग मोर्चा पर राजु पाटील कि नियुक्ति पर उनका स्वागत किया। वही प्रदेश अनुसूचित जाती मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर,किसान मोर्चा महामंत्री मनोज लधवे कि नियुक्ति पर उपस्थित पदाधिकारीयों ने उनका स्वागत करते हुवे कर्तलध्वनी से बधाईयां दी।

जिले के प्रभारी क्षितिज भट्ट ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से मन की बात कार्यक्रम को जिले में शतप्रतिशत सुनेजाकर संगठन एप पर अपलोड करने हेतु जानकारी प्रदान करते हुवे मौके से अपलोड करने की बात कही। आपने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता निरंतर आमजनमानस के पास पहुचकर जनसेवा एवं शासन की योजनाओं को उनता पहुचाकर उन्हे लाभान्वीत करवाता है,वही स्वयं भी सोशल मिडिया के युग में अपडेत रहता है। उन्होने उदाहरण देते हुवे कटाक्ष किया कि आज कॉग्रेस ने समय के साथ खुद को अपडेट नही किया जिससे आज वह रसातल मेंं पहुच गई है।

कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तारपुर्वक जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने द्वारा रखी गई। उन्होने बताया कि 1 से 7 तारीख तक जिले की बैठक होगी। वही 7 से 11 तक मंडल एवं 11 से 21 तक शक्ति केन्द्र तथा माह के 3 रे रविवार को मन की बात एवं बुथ लेबल की बैठक की जाना अतिआवश्यक है।

कार्यक्रम को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व मंत्री, विधायक अर्चना चिटनिस, नेपा विधायक मंजु दादु ने भी संबोधित कर पदाधिकारीयों का मार्गदर्शन किया। सत्ता एवं संगठन के मध्य समन्वय के साथ विश्व की सबसे बडी पार्टी भाजपा पर देश की जनता के विश्वास पर कार्यकर्ताओं द्वारा सतत कार्य करते हुए और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया।

कोतवाली-शिकारपुरा को मिले नए टीआई

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। अपराधिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई और जनता की शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करनेए आगामी त्योहारों के लिए तैयारी करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर कार्रवाई करने को किया निर्देशित।

नवागत थाना प्रभारी कोतवाली नीता देअरवाल और थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया द्वारा जॉइनिंग उपरांत नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल से की शिष्टाचार भेंट की गई। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के पूर्व पृष्ठभूमि के बारे में बताया गया।साथ ही लंबित अपराध, चालान, लंबित मर्ग, लंबित गुम इंसान, खात्मा, खारजी, मामलों का त्वरित निराकरण करने। समन्स, वारंट की तामिली समय सीमा में करने, सीसीटीएनएस पर रिकॉर्ड अपडेट रखने एहाई कोर्ट प्रकरणों को प्राथमिकता,यातायात प्रबंधन हेतु बैंक एवं सराफा चेकिंग, कानून व्यवस्था बनाए रखने, आगामी त्योहारों के लिए तैयारी करने सहित विभिन्न बिंदुओं के संबंध में बताया गया।

ब्रह्मपुर में श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह में 17 तक बहेगी भक्ति रसधारा

सोमवार को सुबह 7 बजे बालाजी मंदिर महाजनपेठ से निकलेगी पोथी शोभायात्रा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुरुषोत्तम मास के अवसर पर ब्रह्मपुर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मालवा माटी के विख्यात कथा वाचक प्रवक्ता परम पूज्य श्री गोपालकृष्ण जी महाराज ;उज्जैन अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराएंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

जानकारी शनिवार को श्री गणेश उ.मा.विद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री गणेश भागवत कथा समिति के अध्यक्ष जगदीश जी वाढे ने दी। उन्होंने बताया कि ज्ञानयज्ञ सप्ताह 11 मई से 17 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। कथा स्थल श्री गणेश उ.मा.वि. प्रांगण,ब्रह्मपुर निर्धारित किया गया है। वहीं 11 मई सोमवार को सुबह 7 बजे बालाजी मंदिर महाजनपेठ से पोथी शोभायात्रा निकाली जाएगीए। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होगे।

आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी एवं राष्ट्रप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित पहुंचकर कथा में सहभागिता करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। समिति का कहना है कि कथा के माध्यम से ज्ञानए भक्ति और राष्ट्रप्रेम का दिव्य संगम श्रद्धालुओं को देखने मिलेगा।

विशेष बात यह रहेगी कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल श्राष्ट्रधर्म भक्ति धाराश् पर भी किया जाएगा, जिससे दूर.दराज के श्रद्धालु भी कथा का लाभ ले सकेंगे।

आयोजन का संचालन श्री गणेश भागवत कथा समिति एवं समस्त कार्यकर्ता बंधु,जिला बुरहानपुर द्वारा किया जा रहा है।

समिति सचिव गोपाल मुजाल्दा, देवीदास विश्वकर्मा, नरेंद्र जाधव, दिलीप इंगले,लक्ष्मण भलावी, प्रशांत पाटिल, संजय राउत, अमर पाटिल ,राजेंद्र पाटिल, दिलीप चावरे, मुकेश पूर्वे, निलेश जूनागढे, बनवारी मिटकर,अजित परदेशी, योगेश सोनवने सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है।

रक्तदान शिविर में वरिष्ठ सदस्यों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा रेडक्रॉस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सप्ताह के समापन अवसर पर शुक्रवार को रेडक्रॉस भवनए बुरहानपुर में विश्व रेडक्रॉस दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया तथा रेडक्रॉस की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया।

रेडक्रॉस सप्ताह के दौरान नए सदस्यों एवं स्वयं सेवकों को रेडक्रॉस की गतिविधियों एवं सिद्धांतों की जानकारी दी गई। वही खकनार में निशक्तजन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर, लालबाग में स्वास्थ्य शिविर, जिला चिकित्सालय में टीबी मरीजों को

पोषण आहार किट वितरण एवं रेणुका कृषि उपज मंडी में नशा मुक्ति अभियान एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर रेडक्रॉस द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की भी जानकारी दी गई। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रहित किया

वरिष्ठ सदस्यों डॉ. के.पी.श्रोती, डॉ.आई.एल.मुंदड़ा, तसनीम मर्चेंट एवं श्री रामकुमार अग्रवाल ने रेडक्रॉस की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में चेयरमैन सुमित बोरले, वाइस चेयरमैन कीमत राय मतवानी, कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता द्वारा डॉ. के. पी.श्रोती, डॉ. आई. एल. मुंदड़ा, डॉ.फिरोजा अली,राजेंद्र सलूजा, डॉ. एस. एम.तारिक, मंसूर सेवक,श्रीमती मेघा भिड़े, श्रीमती रजनी गट्टानी, श्रीमती योजना देवड़ा, श्रीमती तसनीम मर्चेंट, परवेज खान बहादुर, डॉ. अशोक प्रसाद गुप्ता, रियाजुलहक अंसारी,कृष्णदास गांधी, रामकुमार अग्रवाल, अत्ताउल्लाह खान एवं हुसैन अंसारी को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रभाकर चौधरी, मुकेश पूर्वे, नीरज कक्कड,मनोज मुंशी,मनोज टंडन, गुलचंद सिंह बरने, डॉ.मनोज अग्रवाल, शाकिर साहब, संतोष श्रॉफ, अनिल पुनीवाला सहित सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया गया।

नगर निगम ने वसूले 16 लाख से अधिक

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। निगम परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें लोक अदालत के लिए शहर वासियों को कर जमा करने हेतु नगर निगम द्वारा 48 वार्डो के काउंटर बनाए गए थे, नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर एवं जलकर राजस्व वसूली शिविर का निरीक्षण निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

उन्होंने शिविर में की जा रही कर वसूली की प्रक्रिया और नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस नेशनल लोक अदालत में नगर निगम द्वारा प्रकरण तैयार किए गए थे जिसमें राजस्व के 23 प्रकरण का निराकरण कर 1 लाख 33 हजार व संपत्ति कर के 447 प्रकरण निपटाकर 14 लाख 98 हजार। निगम द्वारा आज शाम 05 बजे समाचार लिखे जाने तक कुल राशि 16 लाख 32 हजार वसूल की गई। इस अवसर पर आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार राजस्व अधिकारी शशिकांत पवित्रे इस्माइल खान आदि उपस्थित थे।

एक नजर — सीएम के बुरहानपुर प्रवास के बाद भोपाल में वस्त्र उद्योग पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

बुरहानपुर-खरगोन की बनेगी नई औद्योगिक पहचान : अर्चना चिटनिस

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के बुरहानपुर प्रवास के बाद भोपाल में वस्त्र उद्योग क्षेत्र को लेकर तैयार की गई विस्तृत,योजनाबद्ध और दूरदर्शी राज्य स्तरीय कार्ययोजना में बुरहानपुर एवं खरगोन को विशेष ध्यान दिए जाने पर विधायक,पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनिस ने इसे निमाड़ क्षेत्र के औद्योगिक भविष्य में ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुरहानपुर प्रवास केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह उद्योगपतियों, उद्यमियों और स्थानीय हितधारकों से सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं, समस्याओं और संभावनाओं को समझने का गंभीर प्रयास था। उसी संवाद और जमीनी समझ का परिणाम है कि भोपाल में तैयार वस्त्र निर्यात रणनीति में बुरहानपुर और खरगोन को विशेष महत्व के साथ शामिल किया गया है।

चिटनिस ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार तीस तक पाँच अरब अमेरिकी डॉलर के वस्त्र निर्यात लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जो व्यापक कार्ययोजना तैयार की है, वह केवल

आर्थिक दस्तावेज नहींए बल्कि प्रदेश के औद्योगिक भविष्य का स्पष्ट मार्गदर्शन है। इस रणनीति में बुरहानपुर को आकांक्षी जिला और खरगोन को चौंपियन जिला के रूप में विकसित करने का निर्णय निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता पर सरकार के विश्वास को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि बुरहानपुर और निमाड़ क्षेत्र सदियों से कपास, वस्त्र और हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। यहां की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था, विशेषकर कपास उत्पादन, वस्त्र उद्योग की मजबूत नींव प्रदान करती है। अब राज्य सरकार की इस नई नीति के तहत उत्पादन, प्रसंस्करण, डिजाइन, मूल्य संवर्धन और निर्यात/पूरी श्रृंखला को एकीकृत रूप से विकसित किया जाएगा। इससे स्थानीय उद्योगों को न केवल देश में,बल्कि वैश्विक बाजार में भी प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उद्योग,कौशल विकास और वैश्विक बाजार को एक साथ जोड़कर कार्य कर रही है। वस्त्र उद्योग क्षेत्र में एक लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने, नए निर्यातकों को तैयार करने, आधुनिक परिवहन और लॉजिस्टिक व्यवस्था विकसित करने तथा साझा सुविधा केंद्र स्थापित करने जैसी योजनाएं प्रदेश को वस्त्र उद्योग हब बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जी द्वारा उद्योगपतियों से किया गया प्रत्यक्ष संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। इसमें क्षेत्र की औद्योगिक समस्याओं जैसे श्रमिक उपलब्धता, ऊर्जा आपूर्ति, सौर ऊर्जा संभावना, औद्योगिक मार्गों का विकासए अनुदान व्यवस्था और निवेश प्रोत्साहन जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। यही कारण है कि भोपाल में तैयार नीति में बुरहानपुर और खरगोन को प्राथमिकता के साथ शामिल किया गया है।

निमाड़ क्षेत्र के औद्योगिक भविष्य में ऐतिहासिक परिवर्तन

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर और खरगोन को विशेष ध्यान में शामिल करना यह स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश सरकार अब संतुलित क्षेत्रीय विकास के साथ औद्योगिक प्रगति को आगे बढ़ा रही है। इससे न केवल बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि छोटे और मध्यम उद्यमों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस नीति से किसानों को उनकी कपास एवं अन्य कृषि उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा और छोटे उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व, उद्योगोन्मुख सोच और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के कारण आज बुरहानपुर और खरगोन जैसे क्षेत्र मध्यप्रदेश के औद्योगिक मानचित्र पर एक नई और मजबूत पहचान बना रहे हैं।

11 जिलों पर फोकस, उत्पादन से निर्यात तक पूरी रणनीति:-राज्य में टेक्सटाइल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 11 जिलों को चिन्हित किया गया है। इनमें सीहोर, रायसेन, धार, इंदौर, खरगोन, उज्जैन और भोपाल को चौंपियन जिले तथा जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और बुरहानपुर को आकांक्षी जिले के रूप में विकसित किया जा रहा है।इन जिलों में उत्पादन, प्रोसेसिंग और निर्यात गतिविधियों को एकीकृत रूप से विकसित करने की रणनीति बनाई गई।